Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 10/02/2023

**प्रकाशनार्थ**

''पोस्टर प्रतियोगिता''

दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ, पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के पुण्यतिथि 11 फरवरी को ''दीनदयाल स्मृति सप्ताह'' के रूप में मनाता है, जिस कड़ी में दिनांक 10 फरवरी, 2023 को ''वसुधैव कुटुम्बकम'' विषयक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार साहनी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं के बीच पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के भारतीय संस्कृति के सूत्र वाक्य ''वसुधैव कुटुम्बकम' पर अपने विचार रखते हुए यह बताया कि किस प्रकार से पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों को अन्त्योदय एवं स्वदेशी कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया।

शिवानी द्विवेदी, निशा सिंह, लक्ष्मी पासवान, सुमन कुमारी, काजल भारती, प्रिंस गौंड, जागृति सिंह, आकाक्षां यादव, अनुष्का साहनी, शालू, निधि, रूबी पासवान, त्रिप्ती शर्मा, आकाश कुमार, अभिषेक गुप्ता, हरिकेश गौतम स्वप्निल श्रीवास्तव, मोनी गुप्ता, निखिल कुमार, पूजा, अमृता सिंह, रोशन सिंह, अरविन्द कुमार ने दीनदयाल उपाध्याय जी के ''वसुधैव कुटुम्बकम'' के विचारों को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिसमें प्रथम स्थान महिमा मिश्रा, एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान ज्योति शर्मा, बी.ए. तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान अफ्फान राषिद, बी.ए. तृतीय वर्ष एवं सांत्वना पुरस्कार निशा साहनी एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर एवं शालिनी, बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के निदेशक प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन तथा कार्यक्रम में सह–संयोजक के रूप डॉ. कुसुम रावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् सतत विकास का एक उत्तम मार्ग है, जो पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के द्वारा किये गये चिन्तन एवं विचारों का परिणाम है।

(संजीत कुमार गुप्ता)

9450884022

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur